

## संपत्तिकर वसूलने कुर्की करने पहुंची टीम, मौके पर किया राशि का भुगतान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा की राजस्व टीम ने संपत्तिकर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम सूचना के बाद भी भुगतान न करने पर चल-अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा.**

इसी क्रम में बड़े बकायादारों के विरुद्ध अंतिम सूचना के पश्चात भी भुगतान न होने पर निगम द्वारा मैदानी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. वसूली अभियान को तेज करते हुए आज जोन क्रमांक 02 में 4 स्थानों पर नगर निगम की टीम कुर्की की कार्यवाही हेतु पहुंची, जिसमें सभी बकायादारो द्वारा मौके पर राशि जमा की. जोन क्रमांक 02 में कुर्की की कार्यवाही के दौरान कुसुम सिंह बकाया राशि रू. 54759, इसी प्रकार संतोष पटेल बकाया राशि रू. 68013, अभिमान सिंह बकाया राशि रू. 99239, रामवती मिश्रा बकाया राशि रू. 70284 मौके पर नगर निगम कोष में जमा कराई. इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा न होने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत अंतिम सूचना पत्र जारी किए गए थे.

निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी न तो भुगतान किया गया और न ही कोई आपत्ति/अपील प्रस्तुत की गई, जिसके चलते कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है. कार्यवाही से बकायादारो में हडकम्प मचा हुआ है.

# तापमान में गिरावट के साथ घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित

### न्यूनतम तापमान 6 डिग्री, सामान्य से नीचे चल रहा दिन का तापमान, गलन भरी ठंड बढ़ी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है तापमान 4 डिग्री तक पहुंच चुका है. घने कोहरे के साथ दिन भर चल रही ठंड हवाओ ने ठंड को और बढ़ा दिया है. शुक्रवार को दो डिग्री तापमान में उछाल आया है और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री पहुंच गया है. जबकि दिन का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री दर्ज किया गया है. पिछले कई दिनो से तापमान में गिरावट बनी हुई है, लिहाजा ठंड का असर जारी है.**



गौरतलब है कि रीवा एवं मऊगंज जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. भले ही धूप खिली रहती है बावजूद इसके गलन भरी ठंड का असर कम नही हो रहा है. पिछले तीन दिन से घना कोहरा पड़ रहा है, रात से ही कोहरे का धुंध शुरू हो जाता है और सुबह 10 बजे तक कोहरे का धुंध रहा, उसके बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए. घने कोहरे के चलते जहा जन जीवन प्रभावित है, वही आवागमन भी बाधित हो रहा है. हाइवे में 40 मीटर तक कुछ दिखाई नही देता, हाइवे में वाहन रेंगते नजर आए. वही दूसरी तरफ कोहरे के चलते रीवा-आनंद बिहार ट्रेन भी समय पर नही पहुंच रही है. 8 से 10 घंटे देर से आनंद बिहार रीवा स्टेशन पहुंच रही है. पिछले तीन दिन से न्यूनतम तापमान 4 और 5 डिग्री में बना हुआ है लेकिन शुक्रवार को रात की ठंड कुछ राहत भरी रही. 4 से बढ़ कर न्यूनतम तापमान 6 डिग्री पर पहुंच गया. जबकि दिन के अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नही देखने को मिला. धूप के बावजूद दिन का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि गुरूवार को 18.5 डिग्री था. रीवा एवं मऊगंज में कड़ाके की पड़ रही ठंड से जनजीवन प्रभावित है. कोहरे के कारण ठंड और बढ़ गई है, 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहता है और धूप उसके बाद आती है. शाम ढ़लते ही कोहरे का धुंध छाने लगता है. इस समय दलहनी फसलो में पाला लगने की संभावना बनी हुई है. मौसम विभाग की माने तो अभी गलन भरी ठंड जारी रहेगी. मंकर संक्रांति के बाद से कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है.

### अलाव के लिये नहीं पहुंच रही लकड़ी

कड़ाके की ठंड को लेकर नगर निगम द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है. 17 स्थानो पर अलाव जलाया जा रहा है. लेकिन बराबर सभी जगह लकड़ी नही पहुंचाई जा रही है. जिसके कारण अलाव रात में नही जल पाता. प्रतिदिन शाम को संबंधित स्थानो पर लकड़ी पहुंचाने के निर्देश नगर निगम आयुक्त ने दिये है बावजूद इसके अलाव स्थल पर लकड़ी नही पहुंचाई जाती है. इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है और ठंड से बचने के लिये अलाव का सहारा लोग ले रहे है. बस स्टैण्ड, संजय गांधी एवं गांधी मेमोरियल अस्पताल के बाहर सबसे ज्यादा भीड़ रहती है लेकिन यहा अलाव के लिये लकड़ी न होने के कारण टायर और कार्टून जलाकर लोग ठंड से राहत पाते है.

## मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव का रीवा एयरपोर्ट में हुआ आत्मीय स्वागत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सीधी जिले के बहरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे.**



रीवा एयरपोर्ट में डॉ यादव का आत्मीय स्वागत किया गया. सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ अजय सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉ यादव हेलीकाप्टर द्वारा बहरी के लिए रवाना हुए.

## बैकुंठपुर में पिता-पुत्रों पर प्राण घातक हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, जिले के बैकुंठपुर कस्बे के वार्ड 7 में दर्जन भर से ज्यादा लोगों ने पिता पुत्र पर उन्हीं के घर के सामने घेर कर प्राण घातक हमला कर दिया.**

पहले दोनों पक्ष के बीच किसी बात क़ो लेकर मामूली बहस हुई, इसी दौरान अचानक गणेश हलवाई, लवकुश हलवाई अपने दर्जन भर लोगों क़ो इकठ्ठा कर पहुंचे और लाठी डंडे से हमला कर दिया.इस पूरे घटना क्रम का वीडियो भी सामने आया है. मारपीट में सुरेश कचेर का सर फट गया है, शरीर में कई जगह गंभीर चोंट आइ है, वही बीच बचाव करने आये उनके दोनो बेटों क़ो भी आरोपियों ने जमकर लाठी डंडे से पीटा, जिससे उनको भी गंभीर चोंट आइ है, घायल लहूलुहान हालत मे बैकुंठपुर थाने पहुंचे.

### संक्षिप्त

#### उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उमरिया जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के उपरांत 10 जनवरी को शाम 4 बजे रीवा पहुंचेगे. श्री शुक्ल स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे.



#### सीएम ने की सिद्धार्थ से अकेले में चर्चा

**रीवा,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को अल्पप्रवास पर रीवा आए यहां से वो सीधी जिले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बहरी निकल गए. श्री चौहान भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे थे. रीवा एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव का भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने स्वागत किया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने एक साथ काफी देर तक एकांत में बात की.

#### मुख्य सचिव 15 को करेंगे समीक्षा

**रीवा,** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक 15 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही के प्रतिवेदन के साथ निर्धारित तिथि में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं. जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से बैठक में शामिल होंगे.

#### लायंस क्लब ने किया शॉल एवं नाश्ते का वितरण

**रीवा,** रीवा नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था लायंस क्लब रीवा ग्रेट द्वारा हंगर मुक्त सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों को नाश्ते के पैकेट एवं शाल वितरित किए गए. क्लब अध्यक्ष लायन सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री, रीजन चेयरपर्सन लायन वीरेंद्र वर्मा, लायन वीरेंद्र आर्य, लायन संतोष चमडिया, लायन रजनी चमडिया, लायन पूनम दुबे, लायन अर्चना श्रीवास्तव, लायन रश्मि पुरवार, लायन गीता पुरवार, लायन राजेश्वरी वर्मा, लायन गायत्री गुप्ता, संध्या श्रीवास्तव, एकता जायसवाल आदि सदस्य उपस्थित थे.



#### नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ परीक्षण

**रीवा,** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, निपनिया, रीवा के तत्वाधान एवं जिला आयुष अधिकारी रीवा ,डॉ शारदा मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अगडाल, जिला रीवा में निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय निपनिया रीवा के प्राचार्य डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ, डॉ विकास खरे, डॉ पवन गर्ग के द्वारा बवासीर, भगंदर एवं अन्य व्याधियों के रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद चिकित्सीय परामर्श दिया. शिविर में औषधालय प्रभारी डॉ विनोद कुमार तिवारी, डॉ संजय रोहित, शिवेक्ष कुमार चतुर्वेदी, गायत्री सोनी, ललिता वर्मा, रामकृष्ण, आयुर्वेद महाविद्यालय स्टाफ एवं एम डी स्कालर उपस्थित रहे. उपरोक्त शिविर में कुल 125 लाभार्थी उपस्थित रहे. जिनका परीक्षण कर निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया.



विरोध के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं रोकती पुलिस

## एनएसयूआई ने कुलपति और प्राचार्य को दिया भाजपा-आरएसएस का नेम प्लेट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, छात्र संगठन एनएसयूआई ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय और ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए कुलपति और प्राचार्य को भाजपा संगठन की नेम प्लेट सौंपने का प्रयास किया है.**

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष ने कुलपति और प्राचार्य को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का एजेंट बताते हुए शिक्षा का राजनैतिक करण करने का आरोप लगाया है. दरअसल रीवा के विश्वविद्यालय सहित संचालित हो रहे हैं शासकीय कॉलेजों के प्रचार्यो को एनएसयूआई के द्वारा आरएसएस सदस्य की नेम प्लेट विरोध स्वरूप भेंट की गई है.

एनएसयूआई संगठन का आरोप है कि विश्वविद्यालय के कुलपति, कुल सचिव सहित विभिन्न शासकीय कॉलेज के प्राचार्य भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के लिए काम कर रहे हैं. विवाद उस समय उत्पन्न हुआ जब विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के प्राचार्य समेत कई अध्यापकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर आरएसएस द्वारा आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील करते हुए वीडियो पोस्ट की. एनएसयूआई छात्र संगठन का आरोप है कि शिक्षा के मंदिर का राजनीतिकरण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगा.

उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में सभी जाति धर्म के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं लेकिन वहां छात्रों के बीच धर्म जाति में मतभेद पैदा किया जा रहा है. बताया गया कि विश्वविद्यालय के कुलपति सहित कई महाविद्यालय के प्राचार्य की पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल हो रही है जिसमें यह कहा जा रहा है कि विश्वविद्यालय में 12 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के छात्र अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे, जिसे लेकर एनएसयूआई ने विरोध किया है.

## सड़क हादसे के बाद अस्पताल में मारपीट, एक आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे के बाद अस्पताल परिसर में हुई मारपीट का मामला सामने आया है.**

निजी अस्पताल के सामने बुलेट सवार युवक ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक के जबड़े में गंभीर चोट आई है. बुलेट सवार युवक करण जायसवाल ने सड़क पार कर रहे बलराम पटेल को टक्कर मार दी. हादसे के बाद बलराम पटेल के परिचितों ने आरोपी युवक को मौके पर ही पकड़ लिया और घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए.

परिचितों ने बुलेट सवार से घायल का इलाज करवाने को कहा, इसी दौरान अस्पताल में इलाज चल रहा था. आरोप है कि इसी बीच बुलेट सवार करण जायसवाल ने अपने 6 से 7 साथियों को फोन कर अस्पताल बुला लिया. इसके बाद अस्पताल परिसर में घायल युवक के परिचित विजय पटेल जो अस्पताल के पास होटल संचालित करता है, उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई. मारपीट में विजय पटेल के सिर में भी चोट आई है. पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाया. गंभीर रूप से घायल बलराम पटेल को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया. समान थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मारपीट करने वाले आरोपी करण जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है. थाना प्रभारी समान ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है.

## डेयरी संचालक और उसके भाई पर जानलेवा हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, दूध का हिसाब मांगने पर एक डेयरी संचालक और उसके भाई की बेरहमी से पिटाई कर दी गई. मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के उपरहटी का है.**

पीड़ित विजय यादव ने बताया कि वह गोकुल डेयरी के नाम से अपनी दुकान चलाते हैं. विजय ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने राजा द्विवेदी को फोन कर दूध के बकाया पैसों का हिसाब करने को कहा, तो विवाद शुरू हो गया. दोपहर करीब साढ़े 12 बजे राजा द्विवेदी अपने साथियों और भतीजे शिवम द्विवेदी के साथ डेयरी पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए विजय पर हमला कर दिया. आरोपियों ने लोहे के कड़े और लात-घूंसों से हमला किया, जिससे पीड़ित के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई. इस बीच विजय का भाई बचाने आया तो उसे भी बुरी तरह पीटा.

## जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 को होगा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है.**

इस दिन जिले के सभी स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा. जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक एवं तीन के परिसर में आयोजित जाएगा. समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, नागेन्द्र सिंह, दिव्यराज सिंह, प्रदीप पटेल, अभय मिश्रा, सिद्धार्थ तिवारी तथा इंजी. नरेन्द्र प्रजापति शामिल होंगे.

विद्यार्थी सुबह 9 बजे तक उपस्थित हो जाएंगे. मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन सुबह 9.20 बजे होगा. सूर्य नमस्कार का आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से सुबह 9.30 बजे से सीधा प्रसारण किया जायेगा.

## कलेक्टर के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले शिक्षक, कार्यवाही के निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित ज्ञानोदय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया.**



उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की जानकारी ली. उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि वह पढ़-लिखकर क्या बनना चाहते हैं. विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ बताया कि हम डॉक्टर बनना चाहते हैं. किसी ने एनडीए पास कर देश सेवा करने की बात कही, तो किसी ने पुलिस विभाग में जाकर सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के बारे में कहा. कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि पूरे लगन के साथ लक्ष्य लेकर विद्या अध्ययन करें. अपनी विषय की किताबों का गंभीरता से अध्ययन कर अच्छे नम्बरों से पास होकर अपने संकल्प को प्राप्त करें. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय भवन एवं छात्रावास में साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए. उन्होंने अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया. कलेक्टर ने बालक एवं बालिका छात्रावासों में बच्चों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ अनुराग तिवारी, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग रूचि तिवारी, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला उपस्थित रहे.

## एमपी ट्रांसको ने 40 एमव्हीए पावर ट्रांसफॉर्मर की साइट पर ही की मेजर रिपेयरिंग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 जनवरी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के इंजीनियर्स ने अपनी तकनीकी दक्षता, मेटेरियल मैनेजमेंट और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रभावी परिचय दिया.**

40 एमव्हीए क्षमता के एक अत्यधिक क्षतिग्रस्त पावर ट्रांसफार्मर की सब स्टेशन स्थल पर ही मेजर रिपेयरिंग कर उसे सफलतापूर्वक पुन: ऊर्जीकृत किया. इस प्रयास से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान से बचाया जा सका, साथ ही रबी फसल के महत्वपूर्ण लोड सीजन के दौरान ट्रांसमिशन नेटवर्क में लंबे आउटेज की आशंका को भी समाप्त किया गया. रीवा जिले के 132 केव्ही सबस्टेशन मनगवां में स्थापित 40 एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर तकनीकी कारणों से आग लगने के चलते गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था. ट्रांसफार्मर निर्माता कंपनी के इंजीनियर द्वारा निरीक्षण के उपरांत यह अभिमत व्यक्त किया गया कि ट्रांसफार्मर की साईट पर रिपेयरिंग संभव नहीं है तथा इसे कंपनी के वर्क्स में भेजकर रिपेयरिंग कराना आवश्यक होगा. किंतु एम.पी. ट्रांसको प्रबंधन द्वारा इसे साईट पर ही रिपेयर करने का निर्णय लिया गया.

मुख्यालय जबलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता आरसी शर्मा के मार्गदर्शन में साईट पर ही मेजर रिपेयरिंग हेतु विस्तृत तकनीकी कार्ययोजना तैयार की गई. प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर उपलब्ध ट्रांसफार्मर स्पेयर्स, जिनमें एचवी तथा एलवी बुशिंग, प्रेशर रिलीफ डिवाइस, ऑयल वॉल्व, विभिन्न ओ-रिंग्स एवं गैस्केट्स जो ट्रांसफार्मर में ऑयल लीकेज रोकने हेतु आवश्यक होती हैं, की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित की गई. जबलपुर के कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र पटेल के साथ अधीक्षण अभियंता द्वारा मनगवां में कैंप कर लगभग 15 दिनों के भीतर उच्च तकनीकी स्तर के रिपेयरिंग कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया गया.

## उप सरपंच के निर्वाचन के लिए पंचों का सम्मिलन 16 को

**रीवा, 9 जनवरी,** पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा हो चुकी है. जिले में पूर्व से उप सरपंच के रिक्त पदों को वर्तमान के रिक्त पदों में सम्मिलित करते हुए निर्वाचित पंचों का सम्मिलन 16 जनवरी को आयोजित किये जाने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा दिये गये हैं.